# उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2017

(व्याख्या सहित हल)

Exam Date : 18-06-2018 | Shift-I

प्रश्न 1 : निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है?

(a) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

(b) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

(c) महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ

(d) इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय

उत्तर : (d) उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। इसे पूर्व में 'ऑक्सफोर्ड ऑफ द ईस्ट' के नाम से जाना जाता था। इसकी स्थापना 23 सितम्बर, 1887 ई. को हुई थी। विश्वविद्यालय का नक्शा प्रसिद्ध अंग्रेज वास्तुविद् सर विलियम एमर्सन ने बनाया था। 23 सितम्बर, 1887 को एक्ट XVII पास हुआ और कलकत्ता तथा बॉम्बे विश्वविद्यालयों के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय उपाधि प्रदान करने वाला भारत का चौथा विश्वविद्यालय बना। इसकी प्रथम प्रवेश परीक्षा मार्च, 1889 में हुई।

प्रश्न 2 : उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'पूर्व का ग्रास' के नाम से जाना जाता है?

(a) गोरखपुर

(b) मुरादाबाद

(c) बनारस

(d) कन्नौज

उत्तर : (d) उत्तर प्रदेश के कन्नौज शहर को 'पूर्व का ग्रास' के नाम से जाना जाता है। कन्नौज एक प्राचीन नगर है, जो कभी हर्षवर्धन की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध रहा था। माना जाता है कि कन्नौज ब्राह्मण मूल रूप से इसी स्थान के रहने वाले थे। सम्राट हर्षवर्धन के शासन काल में कन्नौज अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँचा। वर्तमान काल में यह नगर इत्र, सुगंधित पदार्थ बनाने के लिए प्रसिद्ध है। वर्तमान कन्नौज शहर अपने इत्र व्यवसाय के अलावा तम्बाकू के व्यापार के लिए भी मशहूर है। यहाँ मुख्य रूप से कन्नौजी भाषा बोली जाती है।

प्रश्न 3 : किस पड़ोसी देश को ‘लैण्ड ऑफ थंडर ड्रैगन’ कहा जाता है?

(a) बर्मा

(b) नेपाल

(c) बांग्लादेश

(d) भूटान

उत्तर : (d) भूटान, भारत और चीन की सीमा से लगा हुआ एक सुंदर सा देश है। इसकी अद्‌भुत प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत ने दुनिया के तमाम देशों को हमेशा से आकर्षित किया है। भूटान को ‘लैण्ड ऑफ थंडर ड्रैगन’ कहा जाता है। भूटानी लोग अपने देश को ‘ड्रुक यूल’ कहते हैं, जिसका अर्थ ‘ड्रैगन का देश’ होता है।

प्रश्न 4 : 2017 में कजुओ इशिगुरो को किस विधा में नोबेल पुरस्कार मिला था?

(a) रसायन विज्ञान

(b) भौतिक विज्ञान

(c) गणित

(d) साहित्य

उत्तर : (d) डायनामाइट के खोजकर्ता अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में वर्ष 1901 से 5 श्रेणियों में नोबेल पुरस्कार दिए जाते हैं। वर्ष 2017 में साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार कजुओ इशिगुरो को प्रदान किया गया।

प्रश्न 5 : पाकिस्तानी सीनेट में विपक्ष की पहली महिला नेता कौन थी?

(a) बिलावल भुट्टो जरदारी

(b) बेनजीर भुट्टो

(c) शेरी रहमान

(d) मुमताज महल

उत्तर : (c) पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) की नेता और सांसद शेरी रहमान पाकिस्तान सीनेट के उच्च सदन में विपक्ष की पहली महिला नेता बनी थीं। संसद सदस्य शेरी रहमान 2011 से 2013 के बीच अमेरिका में पाकिस्तान की राजदूत भी रह चुकी हैं। जबकि दो बार प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो 1990 के दशक में नेशनल असेंबली (निचले सदन) में दो बार विपक्ष की नेता रही थीं।

प्रश्न 6 : सीकर तकनीक के साथ भारत की क्रूज मिसाइल कौन-सी है?

(a) पृथ्वी

(b) गरुड़

(c) ब्रह्मोस

(d) नारायण

उत्तर : (c) सीकर तकनीक के साथ भारत की क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस है। ब्रह्मोस एक कम दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। रूस तथा भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने संयुक्त रूप से इसका विकास किया है। यह रूस की P-800 ओनिक्स क्रूज मिसाइल की प्रौद्योगिकी पर आधारित है। ब्रह्मोस का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी पर रखा गया है।

प्रश्न 7 : भारत और पाकिस्तान के बीच कितनी सीमा पर ट्रेन चलती है?

(a) 4

(b) 1

(c) 2

(d) 3

उत्तर : (c) भारत और पाकिस्तान के बीच दो सीमा पार ट्रेनें चलती हैं। पहली समझौता एक्सप्रेस है, जो भारत के अटारी और पाकिस्तान के लाहौर के बीच चलती है, जिसे 22 जुलाई 1976 को शुरू किया गया था। दूसरी ट्रेन थार एक्सप्रेस है, जो पाकिस्तान के कराची और भारत के जोधपुर को जोड़ती है।

प्रश्न 8 : मनुष्यों में, आवाज ...... द्वारा उत्पन्न होती है।

(a) कंठ (लैरिंक्स)

(b) श्वास नली

(c) फेफड़ा

(d) मुँह

उत्तर : (a) मनुष्यों में आवाज कंठ (लैरिंक्स) द्वारा उत्पन्न होती है। स्वरयंत्र या स्वरयंत्री मनुष्यों और अन्य स्तनधारी जीवों के गले में मौजूद एक अंग होती है, जिसके प्रयोग से जीव विभिन्न प्रकार की ध्वनियाँ बोल पाते हैं। स्वरयंत्री अत्यंत संवेदनशील अंग है। जब स्वर रज्जुओं के ऊपर से वायु का वेग बहता है तब इनमें कम्पन होता है और आवाज उत्पन्न होती है।

प्रश्न 9 : निम्न में से कौन-सी मिट्टी कपास की खेती के लिए उपयुक्त होती है?

(a) लेटेराइट मिट्टी

(b) जलोढ़ मिट्टी

(c) काली मिट्टी

(d) लाल मिट्टी

उत्तर : (c) काली मिट्टी को 'रेगुर मिट्टी' या 'काली कपास मिट्टी' भी कहा जाता है। काली मिट्टी एक परिपक्व मिट्टी है, जो मुख्यतः दक्षिणी पठारी क्षेत्रों में पाई जाती है। इसका निर्माण ज्वालामुखी चट्टानों के अपक्षय से हुआ है। यह मिट्टी भारत के कई भागों में मुख्य रूप से पाई जाती है। यह मिट्टी गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र, राजस्थान के बूंदी तथा टोंक आदि जिलों में विस्तृत है।

प्रश्न 10 : निम्न में से कौन-सा जानवर भारत में स्थानिक प्रजाति (जो जानवर केवल एक ही भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं) का उदाहरण नहीं है?

(a) एशियाई गेंडा

(b) बंगाल टाइगर

(c) मिथुन

(d) गाय

उत्तर : (d) गाय भारत में स्थानिक प्रजाति का उदाहरण नहीं है क्योंकि गाय पूरे भारतवर्ष में समान रूप से पाई जाती है। एशियाई गेंडा मुख्यतः असम और नेपाल के कुछ सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है। मिथुन

का विकास दक्षिण भारतीय पहाड़ियों तथा असम में हुआ है। बंगाल टाइगर या रॉयल बंगाल टाइगर बाघ की आठ बड़ी प्रजातियों में से एक है, जो भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में पाया जाता है।

प्रश्न 11 : गुरु गोविंद सिंह की मृत्यु के बाद, गुरु की संस्था समाप्त हो गई और आध्यात्मिक गुरु साहिबी किसे सौंपी गई?

(a) रणजीत सिंह

(b) बंदा बहादुर

(c) अजीत सिंह

(d) गुरु ग्रंथ साहिब

उत्तर : (d) गुरु गोविंद सिंह की मृत्यु के बाद गुरु की संस्था समाप्त हो गई और आध्यात्मिक गुरु साहिबी गुरु ग्रंथ साहिब को प्रदान की गई। गुरु गोविंद सिंह ने सिखों को आदेश दिया कि अब से गुरु ग्रंथ साहिब को ही अपना शाश्वत गुरु माना जाए।

प्रश्न 12 : पाकिस्तान नाम सबसे पहले किसके द्वारा गढ़ा गया था?

(a) मोहम्मद इक़बाल

(b) मोहम्मद अली जिन्ना

(c) चौधरी रहमत अली

(d) मौलाना आज़ाद

उत्तर : (c) 'पाकिस्तान' नाम सबसे पहले चौधरी रहमत अली द्वारा गढ़ा गया था। उन्होंने 1933 में 'Now or Never' नामक पैम्फलेट में पाकिस्तान की अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रश्न 13 : रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी नाइटहुड की उपाधि किसके विरोध में छोड़ दी थी?

(a) कैबिनेट मिशन

(b) जलियांवाला बाग नरसंहार

(c) रॉलेट एक्ट

(d) साइमन कमीशन

उत्तर : (b) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने जलियांवाला बाग नरसंहार (1919) के विरोध में अपनी नाइटहुड की उपाधि छोड़ दी थी। यह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उनका नैतिक विरोध था।

प्रश्न 14 : गोदावरी नदी का उद्गम स्थल किस राज्य में स्थित है?

(a) मध्य प्रदेश

(b) छत्तीसगढ़

(c) महाराष्ट्र

(d) ओडिशा

उत्तर : (c) गोदावरी नदी का उद्गम स्थल महाराष्ट्र में त्र्यंबकेश्वर के निकट स्थित है। इसे दक्षिण भारत की गंगा भी कहा जाता है।

प्रश्न 15 : भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील कौन-सी है?

(a) डल झील

(b) लोकटक

(c) चिल्का

(d) वुलर

उत्तर : (d) वुलर झील (कश्मीर) भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। चिल्का झील खारे पानी की झील है, जबकि लोकटक झील मणिपुर में स्थित है।

प्रश्न 16 : भारतीय संविधान में कानून बनाने की निर्धारित प्रक्रिया काफी हद तक किस देश के संविधान द्वारा प्रभावित है?

(a) दक्षिण अफ्रीका

(b) जर्मनी

(c) जापान

(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

उत्तर : (c) भारतीय संविधान में कानून बनाने की निर्धारित प्रक्रिया काफी हद तक जापान के संविधान से प्रभावित है। विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया जापान के संविधान से ली गई है।

प्रश्न 17 : शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम वर्ष ......... में भारत की संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था।

(a) 2006

(b) 2007

(c) 2008

(d) 2009

उत्तर : (d) शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम वर्ष 2009 में भारत की संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम 1 अप्रैल 2010 से प्रभावी हुआ और 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।

प्रश्न 18 : महाराजा सवाई जय सिंह (जय सिंह द्वितीय) ने ......... में एक खगोलीय वेधशाला स्थापित की।

(a) उज्जैन

(b) शिमला

(c) भरतपुर

(d) जोधपुर

उत्तर : (a) महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने उज्जैन में खगोलीय वेधशाला स्थापित की। उन्होंने जयपुर, दिल्ली, उज्जैन, वाराणसी और मथुरा में वेधशालाओं का निर्माण कराया।

प्रश्न 19 : यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ......... के विरुद्ध दोहरे संरक्षण के लिए एकल टीके का शुभारंभ किया।

(a) खसरा और रूबेला

(b) खसरा और गलगंड

(c) चेचक और तपेदिक

(d) इन्फ्लुएंजा और गलगंड

उत्तर : (a) भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के अंतर्गत खसरा और रूबेला के विरुद्ध एकल टीके का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य इन दोनों रोगों का उन्मूलन करना है।

प्रश्न 20 : 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश के किस जिले की जनसंख्या सबसे ज्यादा है?

(a) गोरखपुर

(b) लखनऊ

(c) इलाहाबाद

(d) बरेली

उत्तर : (c) 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद जिले की जनसंख्या सबसे अधिक है। उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या भारत की कुल आबादी का लगभग 16.5% है।

प्रश्न 21 : निम्नलिखित में से किस रियासत ने 1947 में पाकिस्तान में मिलने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में जनमत संग्रह के बाद इसे भारत में शामिल होने के लिए मजबूर होना पड़ा था?

(a) रामपुर

(b) जूनागढ़

(c) फर्रुखाबाद

(d) पोरबंदर

उत्तर : (b) जूनागढ़ रियासत ने 1947 में पाकिस्तान में मिलने की घोषणा की थी। पाकिस्तान में सम्मिलित होने की घोषणा से जूनागढ़ में विद्रोह हो गया जिसके बाद जनमत संग्रह के बाद इसे भारत में शामिल होने के लिए मजबूर होना पड़ा। हैदराबाद रियासत का विलय करने के लिए सैनिक कार्रवाई की गई, जिसे ‘ऑपरेशन पोलो’ नाम दिया गया था।

प्रश्न 22 : निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से कहाँ से कर्क रेखा नहीं गुजरती है?

(a) राजस्थान

(b) त्रिपुरा

(c) मिजोरम

(d) उत्तर प्रदेश

उत्तर : (d) कर्क रेखा उत्तरी गोलार्द्ध में भूमध्य रेखा के समानांतर 23°30′ पर स्थित है। यह पश्चिम से पूर्व की ओर खिंची गई एक काल्पनिक रेखा है। यह रेखा पृथ्वी पर उन पाँच प्रमुख अक्षांश रेखाओं में से एक है, जो पृथ्वी के मानचित्र पर स्थित है। भारत में कर्क रेखा (Tropic of Cancer) 8 राज्यों–गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम–से होकर गुजरती है।

प्रश्न 23 : निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से किस राज्य में द्विसदनीय विधान मंडल नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) जम्मू एवं कश्मीर

(c) तमिलनाडु

(d) कर्नाटक

उत्तर : (c) राज्य का विधानमंडल राज्यपाल तथा विधानसभा एवं विधान परिषद (यदि अस्तित्व में हो) से मिलकर बनता है। वर्तमान में देश के 6 राज्यों–बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में द्विसदनीय विधान मंडल है।

प्रश्न 24 : भारत की संविधान सभा की संघ शक्ति समिति के अध्यक्ष कौन थे?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(b) जे.बी. कृपलानी

(c) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(d) जवाहर लाल नेहरू

उत्तर : (c) संविधान सभा की संघ शक्ति समिति के अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल थे।

प्रश्न 25 : प्राचीन गणित पुस्तक ‘गणित-सार-संग्रह’ ............ ने लिखी गई थी।

(a) भास्कराचार्य

(b) महावीराचार्य

(c) आर्यभट्ट

(d) ब्रह्मगुप्त

उत्तर : (b) 9वीं शताब्दी के महान गणितज्ञ महावीराचार्य ने 'गणित-सार-संग्रह' लिखा, जिसमें उन्होंने लघुतम समापवर्त्य निकालने के प्रचलित तरीके का वर्णन किया। भारतीय गणित के एक प्रमुख प्रवर्तक थे।

प्रश्न 26 : किसने एक अंग्रेजी पुस्तक 'अनलीशिंग इंडिया' लिखी है, जो बताती है कि भारत 25 से 30 वर्षों में महाशक्ति कैसे बन सकता है?

(a) वीरणा मोली

(b) एस.एम. कृष्णा

(c) शशि थरूर

(d) मनोहर पर्रिकर

उत्तर : (a) वीरणा मोली द्वारा अंग्रेजी में लिखित पुस्तक 'अनलीशिंग इंडिया' अगले 25–30 वर्षों में भारत को एक महाशक्ति के रूप में देखती है।

प्रश्न 27 : दिसंबर 2016 में, भारतीय रेल ने आनंद विहार और ........... के बीच पहली हमसफर श्रेणी के ट्रेन की शुरुआत की।

(a) इलाहाबाद

(b) गोरखपुर

(c) वाराणसी

(d) बलिया

उत्तर : (b) दिसंबर 2016 में, भारतीय रेल ने आनंद विहार और गोरखपुर के बीच पहली हमसफर श्रेणी के ट्रेन की शुरुआत की। इस ट्रेन के केबिन में कॉफी/टी, सूप वेंडिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर, CCTV,

GPS, इन्फोटेनमेंट यूनिट सहित कई सुविधाएँ हैं। इसमें पैसेंजर इन्फॉर्मेशन सिस्टम, फायर और स्मोक डिटेक्शन और सुपरविजन सिस्टम भी है। हर बर्थ में लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट भी दिया गया है।

प्रश्न 28 : प्रसिद्ध सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह उत्तर प्रदेश के ........... में स्थित है।

(a) जौनपुर

(b) कन्नौज

(c) फतेहपुर सीकरी

(d) बाराबंकी

उत्तर : (c) प्रसिद्ध सूफी संत शेख सलीम चिश्ती अकबर के ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती के पोते थे। सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी (आगरा के समीप) में स्थित है। यहीं पर अकबर द्वारा पंचमहल, बुलंद दरवाजा आदि प्रसिद्ध इमारतें बनवाई गई थीं।

प्रश्न 29 : हिमालय का तीसरा सबसे बड़ा शिखर कौन सा है?

(a) माउंट एवरेस्ट

(b) माउंट मकalu

(c) माउंट फुजी

(d) माउंट कंचनजंघा

उत्तर : (d) हिमालय का तीसरा सबसे बड़ा शिखर कंचनजंघा है जो सिक्किम के उत्तर में नेपाल की सीमा पर स्थित है। इसकी ऊँचाई 8,586 मीटर है। विश्व की तीसरी सबसे ऊँची चोटी कंचनजंघा है।

प्रश्न 30 : उत्तर प्रदेश का राजकीय फूल कौन सा है?

(a) गुलाब

(b) कमल

(c) चमेली

(d) पलाश

उत्तर : (d) उत्तर प्रदेश का राजकीय फूल पलाश है। पलाश या टेसू एक वृक्ष है जिसके फूल आकर्षक होते हैं। इसके आकर्षक फूलों के कारण 'जंगल की आग' भी कहा जाता है। पलाश का वैज्ञानिक नाम ब्युटिया मोनोस्पर्मा है।

प्रश्न 31 : मनुष्य में पित्त का उत्पादन किस अंग में होता है?

(a) पेट

(b) अग्न्याशय

(c) यकृत

(d) पित्ताशय

उत्तर : (c) यकृत (लिवर) में जो पाचक रस बनता है उसे 'पित्त' कहते हैं। यह हरे-पीले रंग का तरल पदार्थ होता है। पित्त भोजन के पाचन में सहायता करता है। इसकी प्रकृति क्षारीय होती है।

प्रश्न 32 : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत में कब (वर्ष) स्थापित हुआ था?

(a) 2000

(b) 1995

(c) 1993

(d) 1950

उत्तर : (c) भारत का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission) एक स्वायत्त वैधानिक संस्था है। इसकी स्थापना 12 अक्टूबर, 1993 को हुई थी। इसकी स्थापना मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत की गई। यह आयोग देश में मानवाधिकारों का संरक्षण करता है।

प्रश्न 33 : निम्नलिखित रोगों में से कौन सा रोग कवक (फंगस) के कारण होता है?

(a) ट्यूबरकुलोसिस

(b) पित्ताशय की पथरी

(c) दिल का दौरा

(d) दाद

उत्तर  : (d) कवक या फंगस एक प्रकार का परजीवी है जो अपना भोजन सड़े-गले मृत कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त करता है। कवक की उत्पत्ति शैवाल (algae) से मानी जाती है। कवक के कारण मनुष्य में होने वाले कुछ रोग–दाद-खाज, एथलीट फुट, हाथीपाँव आदि हैं।

प्रश्न 34 : किस भारतीय राज्य ने 2016–17 में भारत में उत्पादित चीनी का एक तिहाई से अधिक उत्पादन किया है?

(a) गुजरात

(b) उत्तर प्रदेश

(c) महाराष्ट्र

(d) कर्नाटक

उत्तर  : (b) उत्तर प्रदेश ने 2016–17 में भारत में उत्पादित चीनी का एक तिहाई से अधिक उत्पादन किया है।

प्रश्न 35 : भारत के संविधान के मूल दस्तावेज को ........... द्वारा हाथ से लिखा गया था।

(a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(b) सच्चिदानंद सिन्हा

(c) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा

(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

उत्तर  : (c) भारतीय संविधान हाथ से अंग्रेजी और हिन्दी भाषा में लिखा गया था। इसकी वास्तविक प्रति प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने लिखी थी। इसे इटैलिक स्टाइल में खूबसूरती से लिखा गया था और हर पेज को शांति निकेतन के कलाकारों ने सजाया था।

प्रश्न 36 : विटामिन B7 का रासायनिक नाम क्या है?

(a) पैंटोथेनिक एसिड

(b) बायोटिन

(c) एस्कॉर्बिक एसिड

(d) फोलिक एसिड

उत्तर : (b) विटामिन A – रेटिनाल, विटामिन B1 – थायमिन, विटामिन B2 – राइबोफ्लेविन, विटामिन B3 – पैंटोथेनिक एसिड, विटामिन B5 – नियासिन, विटामिन B6 – पाइरिडॉक्सिन, विटामिन B7 – बायोटिन, विटामिन B12 – सायनोकोबालामिन, विटामिन C – एस्कॉर्बिक एसिड, विटामिन D – कैल्सीफेरॉल, विटामिन E – टोकोफेरॉल होते हैं।

प्रश्न 37 : हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद का जन्म कहाँ हुआ था?

(a) कानपुर

(b) लखनऊ

(c) मेरठ

(d) इलाहाबाद

उत्तर : (d) हॉकी दिग्गज मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में हुआ था। वे तीन बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे। उनकी जयंती को भारत में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

प्रश्न 38 : मुंशी प्रेमचंद का जन्म कहाँ हुआ था?

(a) कानपुर

(b) रामपुर

(c) गाजियाबाद

(d) वाराणसी

उत्तर : (d) उपन्यास सम्राट प्रेमचंद का जन्म काशी (वाराणसी) के निकट लमही नामक ग्राम में 31 जुलाई, 1880 ई. को हुआ था। इनके पिता अजायब राय डाक विभाग में नौकरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे।